उत्तर प्रदेश शासन
प्रशासनिक सुधार अनुभाग-1
संख्या: 7/2016/69 /43-1-2016-3(7)/2010
लखनऊ: दिनांक: 15 फरवरी, 2016

कार्यालय- ज्ञाप

श्री देवेन्द्र कुमार, समीक्षा अधिकारी, प्रशासनिक सुधार अनुभाग-2 जो दिनांक 31 अक्टूबर, 2015 को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गये है। इनके अवकाश लेखे में कुल 300 दिनों का उपार्जित अवकाश संचित है। अतएव वित्त (सामान्य)अनुभाग-4 के शासनादेश संख्या:-4-1327/20-2000/77, दिनांक 18 जनवरी, 1979 सपठित शासनादेश संख्या:023/दस-85-205/84 दिनांक 14-06-1985 व शासनादेश संख्या:-4-1071/दस-2001/76 दिनांक 21-03-1992 एवं शासनादेश संख्या:-सा-4-383/दस-99-2000/88 दिनांक 01-07-1999 में निहित प्राविधानों के अधीन श्री देवेन्द्र कुमार, समीक्षा अधिकारी, प्रशासनिक सुधार अनुभाग-2 को 300 दिनों के उपार्जित अवकाश का नकदीकरण एतदद्वारा स्वीकृत किया जाता है ।

2- उक्त नकदीकरण का भुगतान श्री देवेन्द्र कुमार, समीक्षा अधिकारी, प्रशासनिक सुधार अनुभाग -2 को किया जायेगा । प्रमाणित किया जाता है कि उक्त उपार्जित अवकाश का नकदीकरण 300 दिनों की सीमा के अन्दर है ।

3- उपर्युक्त व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या:-62 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक " 2071-पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्त हित लाभ-आयोजनेत्तर-01-सिविल-115-छुटटी नकदीकरण हित लाभ-03-सेवानिवृत्त के समय अवकाश का नकदीकरण-02- दिनांक 08 नवम्बर,2000 के पश्चात़ सेवानिवृत्त हित लाभ " के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा ।

डा0 नन्द लाल
संयुक्त सचिव।

संख्या:7/2016/69(1)/43-1-2016 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पे्षित :-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन,लखनऊ।
3- अनुभाग अधिकारी,लेखा,प्रशासनिक सुधार विभाग को दो अतिरिक्त प्रति सहित।
4- श्री देवेन्द्र कुमार, समीक्षा अधिकारी, प्रशासनिक सुधार अनुभाग-2 निवासी 342/88क, नौबस्ता, निकट रामलीला पार्क, लखनऊ-226003 (मोबाईल नम्बर-9454411531)
5- अनुभाग अधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग।
6- कार्यालय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

लुटावन राम
अनुसचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in